स्व0 श्री जय दत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रानीखेत (अल्मोड़ा) उत्तराखण्ड

दिनांक: 08 मार्च 2025

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (SVEEP)

SVEEP गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान

कार्यक्रम-आख्या

आयोजन तिथि: 08 मार्च 2025
स्थान: स्व. श्री जयदत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत (अल्मोड़ा)

भूमिका

स्व. श्री जयदत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत में दिनांक 08 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तथा होली पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य संगोष्ठी एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (SVEEP) कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान भी संचालित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उन्होंने अपने उद्घाटन संबोधन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका, सशक्तिकरण और समानता के मुद्दों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। साथ ही उन्होंने होली पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए महाविद्यालय के समग्र विकास में विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया।

SVEEP के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

इस अवसर पर महाविद्यालय के SVEEP नोडल अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार जोशी द्वारा विद्यार्थियों को भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में मतदान के महत्व तथा प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने नई उम्र के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदाता पहचान पत्र (Voter ID) बनने की संपूर्ण प्रक्रिया समझाई।

विशेष रूप से विद्यार्थियों को निर्वाचन पंजीकरण हेतु उपयोग होने वाले फॉर्म— फॉर्म 6 (नया मतदाता पंजीकरण), फॉर्म 7 (नाम विलोपन / आपत्ति), फॉर्म 8 (सुधार / परिवर्तन) के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर स्वीप समिति के सदस्य डॉo धीरज सिंह खाती ने जागरूकता बढ़ाने हेतु विद्यार्थियों को समय पर पंजीकरण करने, नियमों का पालन करने तथा लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करने का आह्वान किया।

प्राचार्य का संबोधन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता के महत्व पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग लोकतंत्र का मजबूती का आधार है और उनका प्रत्येक वोट राष्ट्र की दिशा निर्धारित करता है।

उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा आगामी शैक्षणिक सत्र में नियमित कक्षा उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की।

शिक्षकगण एवं कर्मचारियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्रतिष्ठित प्राध्यापक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित प्राध्यापकों में प्रमुख रूप से—

प्रो. पी. एन. तिवारी, डॉ. दीपा पांडेय, डॉ. रश्मि रौतेला, डॉ. निर्मला जोशी, डॉ. मुकुल, डॉ. निधि पांडेय, डॉ. बी. बी. भट्ट, डॉ. सी. एस. पंत, डॉ. हेमलता भट्ट, डॉ. भारत पांडे, डॉ. महिराज मेहरा, डॉ. जे. एस. रावत, डॉ. पंकज प्रियदर्शी, डॉ. निहारिका, डॉ. हिमानी नेगी, डॉ. नीतिका, , डॉ. रेखा भट्ट, डॉ. शंकर कुमार, डॉ. अपूर्वा जोशी, डॉ. बबीता, डॉ. कोमल गुप्ता, डॉ. किरन पंत, डॉ. संगीता, तथा डॉ. कुसुमलता, डॉ. प्रतीक सहित सभी कर्मचारीगण सम्मिलित रहे।

उनकी सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

होली मिलन समारोह

कार्यक्रम के समापन पर रंगोत्सव होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक सहभागी बने। सभी ने एक-दूसरे को बधाई देकर सौहार्द, आपसी सहयोग और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।

निष्कर्ष

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली पर्व के अवसर पर आयोजित यह संयुक्त कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि SVEEP के अंतर्गत विद्यार्थियों में मतदाता जागरूकता बढ़ाने में भी अत्यंत सफल रहा।

महाविद्यालय परिवार की सामूहिक सहभागिता ने इसे एक अनुकरणीय आयोजन के रूप में स्थापित किया।

<u>कार्यक्रम की झलकियां</u>

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत
SVEEP
(SYSTEMATIC VOTERS EDUCATION AND ELECTORAL PARTICIPATION)
मतदाता जागरूकता अभियान
GPS Map Camera
Google
Chiliyanaula, Uttarakhand, India
Mc58+22r, Chiliyanaula, Uttarakhand 263645, India
Lat 29.657249° Long 79.415193°
08/03/2025 12:44 PM GMT +05:30

GPS Map Camera
Google
Chiliyanaula, Uttarakhand, India
Mc58+22r, Chiliyanaula, Uttarakhand 263645, India
Lat 29.657267° Long 79.415181°
08/03/2025 12:54 PM GMT +05:30

GPS Map Camera
Google
Chiliyanaula, Uttarakhand, India
Mc58+22r, Chiliyanaula, Uttarakhand 263645, India
Lat 29.657267° Long 79.415181°
08/03/2025 12:54 PM GMT +05:30

समाचार पत्र में प्रकाशन

रानीखेत। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली पर्व के उपलक्ष्य में संगोष्ठी एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताने के साथ ही वोटर आईडी बनाने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस मौके पर महविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे, स्वीप नोडल अधिकारी डा. बृजेश कुमार जोशी, प्रो. पीएन तिवारी सहित अन्य प्रोफेसर भी उपस्थित रहे।

समाचार पत्र ''उत्तर उजाला'' में दिनांक 09 मार्च 2025 को प्रकाशित

This report is prepared by Dr. Brijesh Kumar Joshi, Dr. Pooja and Dr. Dheeraj Singh Khati, Department of Political Science, Govt. P. G. College, Ranikhet.